सुविचार
किया गया एक काम भी सैकड़ों बड़ी योजनाओं से बेहतर होता है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल पेज 16 | राजस्थान | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 8, अंक 142, महानगर

सेंसेक्स	75,996.86	↑	+57.65
डॉलर	86.88	↑	+0.17

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

	अधिकतम	न्यूनतम	आज का अनुमान (न्यूनतम)
जयपुर	29.5	17.7	18.0
दिल्ली	29.0	11.2	11.0
मुंबई	33.4	18.5	20.0

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष-6, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025 | झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी | गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com

राज्यपाल कल पिलानी आएंगे, सीरी के कार्यक्रम में भाग लेंगे

ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव में करेंगे सम्बोधन

भास्कर न्यूज | पिलानी

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में 19 फरवरी को होने वाले ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि होंगे।

इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम में देशभर के विशेषज्ञ शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में सीरी द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकों और अनुसंधान उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्यपाल बागड़े आत्मनिर्भर भारत में इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगशाला की भूमिका पर विचार रखेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण और कौशल विकास में सीरी के योगदान पर जानकारी देंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ, स्टार्टअप प्रतिनिधि और शोधकर्ता एक मंच पर आएंगे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में ईएसडीएम क्षेत्र की उन्नत तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा होगी। यह आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग और शैक्षणिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है, जो अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा।